**—:निर्णयः—**

निर्णय तिथिः—11.07.2025

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251—क राजस्थान काश्तकारी अधिनियम—1955 वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थी द्वारा राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251—'क' के अन्तर्गत एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थीगण की खातेदारी आराजी 21/2.9380 है0 वाके ग्राम प्रतापगढ तहसील गुड़ामालानी में पहुँच के प्रयोजन के लिए मौके पर खसरा संख्या 20/4.3220 है0 वाके ग्राम प्रतापगढ तहसील गुड़ामालानी से होते खसरा संख्या 20 वाके ग्राम प्रतापगढ के पूर्वी भाग पर ग्रेवल सड़क तक चालू है। उक्त विद्यमान रास्ते में विप्रार्थीगण की खातेदारी आराजी खसरा संख्या 20 वाके ग्राम प्रतापगढ में से प्रार्थीगण के आवागमन हेतु रिकॉर्डेड रास्ते का अभाव है। अतः खसरा संख्या 20 वाके ग्राम प्रतापगढ के उत्तरी भाग से होकर करीब 30 फीट चौडाई का नवीन रिकॉर्डेड रास्ता हेतु अनुतोष चाहा गया है। अंत में प्रार्थी की आराजीयात तक कोई रिकॉर्डेड रास्ता दर्ज रिकॉर्ड नहीं है तथा उक्त आवेदित रास्ते के अतिरिक्त अन्य कोई लघुत्तम मार्ग का विकल्प नहीं होने के कारण उक्त आवेदित रास्ते को करीब 30 फुट चौडाई में रिकॉर्ड में दर्ज कर प्रार्थी का प्रार्थना—पत्र स्वीकार किये जाने का निवेदन किया।

2. प्रकरण में अप्रार्थी के जवाब एवं तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही करते हुए हाजा न्यायालय के निर्णय दिनांक 12.08.2024 द्वारा प्रार्थी का उक्त आवेदन पत्र खारिज किया गया। तत्तश्चात् प्रार्थी द्वारा उक्त आवेदन की अपील माननीय न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी, बाड़मेर में प्रस्तुत की गई। माननीय न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी, बाड़मेर द्वारा उक्त अपील आंशिक स्वीकार की गई। तत्पश्चात् अप्रार्थी द्वारा माननीय न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी, बाड़मेर के निर्णय दिनांक 29.08.2024 से व्यथित होकर माननीय न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी, बाड़मेर के निर्णय दिनांक 29.08.2024 के विरूद्ध माननीय न्यायालय राजस्व मण्डल, अजमेर में निगरानी पेश की गई। माननीय न्यायालय राजस्व मण्डल अजमेर द्वारा उक्त निगरानी दिनांक 04.07.2025 को स्वीकार की जाकर प्रकरण विचारण न्यायालय को प्रेषित करते हुए स्वयं पीठासीन अधिकारी के मौका निरीक्षण एवं मौके की भौतिक स्थिति का परीक्षण एवं जांच करते हुए प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र राजस्थान काश्तकारी अधिनियम—1955 की धारा—251ए तथा राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) नियम—1955 के नियम—69 एवं 70 की पूर्णतया पालना करते हुए गुणावगुण पर पुनः विधिसम्मत निर्णय पारित करने के निर्देश दिये गये। प्रकरण पुनः दर्ज किया जाकर विचारण आरम्भ किया गया।

**जवाब**

3. प्रार्थना पत्र पुनः दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण के विधिवत तामील होने के उपरांत विप्रार्थी संख्या 2 ने जरिये अधिवक्ता पूर्व में पेश जवाब के तथ्यों को दौहराते हुए निवेदन किया है कि खसरा संख्या 20 वाके ग्राम प्रतापगढ में कोई चलित रास्ता नहीं आया हुआ है तथा प्रार्थीगण द्वारा उक्त खसरे में से कभी भी चलायमान रास्ते का उपयोग नहीं किया गया है। प्रार्थीगण की विप्रार्थीगण से हमेशा अनबन रहने के कारण उक्त खसरे में से रास्ते की मांग की गई है। प्रार्थीगण को उक्त रास्ते की आत्यांतिक आवश्यकता नहीं है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.07.11 16:37:46 IST
Reason: SelfAttested

प्रस्तावित रास्ते पर विप्रार्थी की पक्की ढाणी बनी हुई है। साथ ही प्रार्थी द्वारा खसरा संख्या 528/85 किस्म गै.मु. वाला जो कि गैर मुमकिन नदी का हिस्सा है, तक पहुंचने हेतु प्रार्थी की खातेदारी से होकर रास्ता चाहा गया है। चूंकि गैर मुमकिन नदी प्रतिबंधित भूमि है। जिस पर जाने हेतु प्रार्थी द्वारा आवेदित रास्ते की मांग प्रार्थीगण को परेशान करने के उद्देश्य से की गई है। साथ ही प्रार्थी का आवागमन हमेशा से खसरा संख्या 19/1 से होकर रहा है। अतः प्रार्थी के पास वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध होने तथा प्रतिबंधित भूमि तक प्रार्थी को परेशान करने की वजह से रास्ता मांगने के आधार पर उक्त आवेदन पत्र खारिज फरमाया जावे।

## मौका रिपोर्ट

4. प्रकरण में तहसीलदार गुड़ामालानी से हाजा कार्यालय के पत्रांक/कोर्ट/आरए/2024/182 दिनांक 11.03.2024 द्वारा राजस्थान काश्तकारी (सरकार) नियम–1955 के नियम–68 लगायत 70 के अनुसार मौका जॉच रिपोर्ट तलब की गई। प्रकरण में तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा पत्रांक/कोर्ट/आरए/2024/1189 दिनांक 09.05.2024 द्वारा मौका रिपोर्ट तैयार कर प्रेषित की। जो कि शामिल मिसल की गई। प्रकरण में दिनांक 22.05.2025 को स्वयं पीठासीन अधिकारी द्वारा मौका निरीक्षण किया गया।

## जिरह–प्रार्थी

5. प्रकरण में विद्वान अभिभाषक प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण की जिरह सुनी गई। अभिभाषक प्रार्थी ने दौराने–ए–जिरह प्रार्थना–पत्र में अंकित तथ्यों को दौहराते हुए प्रार्थी की आराजीयात तक कोई रिकॉर्डेड रास्ता दर्ज रिकॉर्ड नहीं है तथा उक्त आवेदित रास्ते के अतिरिक्त अन्य कोई लघुत्तम मार्ग का विकल्प नहीं होने के कारण उक्त आवेदित रास्ते को करीब 30 फुट चौडाई में रिकॉर्ड में दर्ज कर प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किये जाने का निवेदन किया।

## जिरह–अप्रार्थी

6. अभिभाषक विप्रार्थीगण ने दौराने–ए–जिरह अपने जवाब में अंकित तथ्यों को दौहराते हुए प्रार्थीगण को रास्ते की आत्यांकित आवश्यकता नहीं होने के कारण प्रार्थना–पत्र को निम्न आधारों पर निरस्त फरमाने का निवेदन कियाः–
    1. प्रार्थी के पूर्व से ही वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध है। क्योंकि प्रार्थी का आवागमन हमेशा से खसरा संख्या 19/1 से होकर रहा है। अतः प्रार्थी के पास वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध होने के आधार पर प्रार्थना–पत्र खारिज किया जावे।
    2. प्रार्थी को रास्ते की आत्यांतिक आवश्यकता नहीं है। क्योंकि प्रार्थी का आवागमन हमेशा से खसरा संख्या 19/1 से होकर रहा है। अतः प्रार्थी के पास वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध होने के कारण प्रार्थी को रास्ते की आवश्यकता आत्यांतिक नहीं होकर प्रार्थी द्वारा केवल सुविधा के लिये रास्ता चाहा गया है। अतः उक्त आधार पर प्रार्थना–पत्र खारिज किया जावे।
    3. प्रार्थी द्वारा केवल सुविधा के लिये प्रतिबंधित भूमि गैर मुमकिन नदी की खसरा संख्या 528/85 वाके ग्राम प्रतापगढ तक पहुंचने हेतु प्रार्थी के खातेदारी आराजी में से होकर रास्ता चाहा गया है। प्रतिबंधित भूमि गैर मुमकिन नदी की खसरा संख्या 528/85 वाके ग्राम प्रतापगढ में से होकर कोई रिकॉर्डेड रास्ता दर्ज रिकॉर्ड नहीं है। प्रार्थीगण द्वारा आवेदित रास्ता किसी भी कट्टाण मार्ग से

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.07.11 16:37:46 IST
Reason: SelfAttested

13. प्रकरण में प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण द्वारा उपस्थित न्यायालय होकर राजीनामा प्रस्तुत कर निम्न प्रकार निवेदन कियाः–

- *कि अप्रार्थीगण की आराजी के सीमांकन के पश्चात् अप्रार्थीगण की आराजी खसरा संख्या 20 में प्रार्थीगण का अवैध कब्जा पाया जाता है तो उक्त कब्जा अप्रार्थीगण को दिलाते हुए खसरा संख्या 20 में से रास्ता प्रदान किये जाने पर अप्रार्थीगण सहमत हैं।*
- *कि अप्रार्थीगण की आराजी खसरा संख्या 20 में से रास्ता दिये जाने पर रास्ते में आई भूमि के बदले बराबर भूमि अप्रार्थीगण को प्रार्थीगण की भूमि में से दिलवाई जाने पर अप्रार्थीगण रास्ता दिये जाने हेतु सहमत हैं।*
- *कि प्रार्थीगण को दिये जाने वाले रास्ते के दोनों तरफ प्रार्थीगण द्वारा अपने खर्चे पर तारबंदी किये जाने की शर्त पर अप्रार्थीगण उक्त रास्ता दिये जाने हेतु सहमत हैं।*
- *कि प्रार्थीगण को खसरा संख्या 20 में से दिये जाने वाला रास्ता चौड़ाई में 18 फिट से अधिक नहीं हो। साथ ही उक्त रास्ता तहसीलदार मौका रिपोर्ट अनुसार प्रस्तावित खसरा संख्या 20 एवं 19/1 की सीमा से दिये जाने पर प्रार्थीगण सहमत हैं।*
- *कि उक्त रास्ते के आदेश के पश्चात् प्रार्थीगण के रास्ते की तरमीम व अप्रार्थीगण की आराजी पर किये गये अवैध कब्जे की तरमीम एक ही दिन की जाकर अप्रार्थीगण की आराजी पर किये गये अवैध कब्जे को प्रदान कर प्रार्थीगण को रास्ता खसरा संख्या 20 एवं 19/1 के सेढासेढ दिये जाता है तो अप्रार्थीगण को कोई आपत्ति नहीं है।*

14. प्रकरण में अप्रार्थीगण द्वारा उक्त बिन्दु में वर्णित राजीनामा अनुसार प्रार्थीगण को रास्ता प्रस्तावित किये जाने पर सहमति व्यक्त की है। उक्त बिन्दुओं पर प्रार्थीगण द्वारा सहमति प्रदान की गई। अतः पक्षकारान सहमति के आधार पर प्रार्थना–पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

## निष्कर्ष

15. उक्त प्रकरण में राजस्थान काश्तकारी अधिनियम–1955 की धारा 251–क के विधिक प्रावधानों के सन्दर्भ में प्रार्थीगण हेतु रास्ते की अत्यान्तिक आवश्यकता एवं वैकल्पिक रिकार्डेड रास्ते हेतु अनुपलब्धता एवं तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा प्रेषित शामिल मिसल रिपोर्ट पत्रांक / कोर्ट / आरए / 2024 / 1189 दिनांक 09.05.2024 को प्रेषित की गई मौका जॉच रिपोर्ट मय नजरी नक्शा एवं पक्षकारान सहमति के आधार पर प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251–क काबिल–ऐ स्वीकार है। अतः तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा प्रेषित शामिल मिसल रिपोर्ट पत्रांक / कोर्ट / आरए / 2024 / 1189 दिनांक 09.05.2024 की मौका जॉच रिपोर्ट मय नजरी नक्शा के अनुसार खसरा संख्या 20 के सेढे से हरे रंग से अंकित कर प्रस्तावित लघुत्तम मार्ग बतौर 30 फुट चौडा गैर मुमकिन रास्ता नियमानुसार भूमि एवं निर्माण, अगर कोई हो तो, की क्षतिपूर्ति राशि भुगतान तथा भूमि उपलब्ध करवाने के पश्चात् राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जाना न्यायसंगत प्रतीत होता है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.07.11 16:37:46 IST
Reason: SelfAttested

